
पूर्णिमा का तोता



HINDI - ENGLISH

Written by Feroza Mathieson
Illustrated by Anna Louise

HINDI - ENGLISH



Purnima's Parrot

पूर्णिमा का तोता

Written by Feroza Mathieson
Illustrated by Anna Louise

पूर्णिमा के पास एक तोता था. वो एक विशेष तोता था. वो सिर्फ हरा और पीला नहीं था, उसके बहुत सुन्दर रंग थे. पूर्णिमा को अपने तोते से बहुत प्यार था.

"काश, तुम बोल सकते," पूर्णिमा ने कहा.


"क्राक! ..!" तोते ने कहा.



Purnima had a parrot. It was a very special parrot. It wasn't just yellow, or green, it was full of beautiful colours. Purnima loved her parrot.


"I wish you could talk," said Purnima.

"CRAARK," said the parrot.



सोमवार को पूर्णिमा के पिताजी ने उससे कहा.

"अगर यह तोता शनिवार तक नहीं बोला, तो फिर मैं उसे दुकानदार को वापिस करके कोई दूसरा तोता ले आऊंगा. मैं एक सिलेटी रंग का तोता लाऊंगा. क्योंकि सिलेटी रंग के तोते बोलते हैं."



On Monday, Purnima's dad told her,
"If this parrot doesn't talk by Saturday, I'll take it back to the shop and change it. I'll get a grey parrot. Grey parrots can talk."

बेचारी पूर्णिमा! उसे अपने खूबसूरत रंगों वाले तोते से बहुत प्यार था. उसे दूसरे तोता नहीं चाहिए था. पूर्णिमा ने तोते को बुलवाने की पूरी कोशिश की.

"देखो, कुछ तो बोलो. कहो, हेलो पूर्णिमा!"

"स्क्री!" तोते ने कहा.



Poor Purnima. She loved her brightly coloured parrot. She didn't want another one. Purnima tried even harder.
"Please talk. You must. Say hello Purnima."
"SCREE!" said the parrot.

"कोई बात नहीं," माँ ने कहा.

"जब तोतों का मन करता है तब सभी तोते बात कर सकते हैं," पिताजी ने कहा.

पूर्णिमा ने दुखी होकर कहा, "पर मेरा तोता बात करना ही नहीं चाहता है."

"Never mind," said Mum.
"All parrots can talk when they want to," said Dad.
Purnima sighed. "Mine doesn't want to."
"SQUAAARK!" said the parrot.





मंगलवार की सुबह को पूर्णिमा जल्दी उठी. उस समय चाँद आसमान में चमक रहा था.

"हेलो नीमा! हेलो नीमा!" पूर्णिमा ने कोशिश की.

"क्राक! ..!" तोते ने कहा.

On Tuesday morning, Purnima got up so early, the moon hadn't gone to bed!
"Hello Nima, hello Nima," tried Purnima.
"CRAAARK!" croaked the parrot and went back to sleep.

बेचारी पूर्णिमा! उसका तोता बात करना ही नहीं चाहता था.

"कहो, हेलो पूर्णिमा!" उसने विनती की.

"स्क्री!" तोते ने कहा.

खाना खाते समय पूर्णिमा का भाई रवि, अपनी बहन पर हंसा.

"जब तोतों का मन करता है तब सभी तोते बात कर सकते हैं," उसने कहा.





Poor Purnima. Her parrot didn't want to talk.
"Say hello Purnima," she pleaded.
"SCREE-EECH!!" replied the parrot.
Purnima's brother Ravi grinned at her over his cereal.
"All parrots can talk when they want to," he said.

शाम तक पूर्णिमा के दिमाग में एक अच्छा विचार आया. शायद मेरा तोता एक बड़ा पिंजरा चाहता हो. फिर पूर्णिमा ने कागज़ और पेंसिल निकाली. फिर उसने एक बहुत आलीशान पिंजरे का चित्र बनाया.

That evening, Purnima had a great idea. Maybe the parrot would like a bigger cage. Out came pencils and paper. She drew the smartest cage you ever saw.





बुधवार को माँ एक बड़ा पिंजरा खरीद कर लाईं.


"देखो वो तुम्हारे चित्र जितना खूबसूरत तो नहीं है," माँ ने कहा.

पर तोते को अपना नया पिंजरा बहुत पसंद आया.

"स्कार्क!" तोते ने ख़ुशी से कहा. फिर उसने घंटी बजाई और इधर-उधर घूमने लगा.

पर फिर भी उसने कोई बात नहीं की.

On Wednesday, Mum bought a big new cage.
"Of course, it's not as good as the one you drew," she said.
The parrot loved it.
"Squark," it said happily, ringing the bell and strutting up and down.
But still it didn't talk.





गुरूवार को पूर्णिमा के दिमाग में एक और विचार आया. शायद उसकी तरह तोते को भी ताज़े फल अच्छे लगते हों! फिर उसने एक स्वादिष्ट सेब के टुकड़े करके तोते को खाने को दिए.

"अआर्क!" तोते ने कहा.

On Thursday, Purnima had another idea. Maybe the parrot wanted fresh fruit like her! So she gave the parrot a juicy apple cut into small pieces.

“AcraAARK!” sang the parrot.



शनिवार जल्द ही आने वाला था. अब पूर्णिमा को फ़िक्र लग रही थी. रात में उसे एक सपना आया. सपने में पूर्णिमा ने देखा कि उसने तोते को पिंजरे से रिहा कर दिया था. फिर अन्य चिड़िये आईं और उन्होंने तोते को चोंच मार-मारकर भगा दिया.

"अरे बाप रे!" पूर्णिमा सपने में चिल्लाई.





Soon it would be Saturday. Purnima was getting worried. That night she had a dream. She dreamt she set the parrot free. But then all the other birds pecked it and chased it away.

"OH," cried Purnima in her sleep.



शुक्रवार को पूर्णिमा ने अपना मनपसंद टीवी शो नहीं देखा. वो पिंजरे के सामने बैठी तोते को ही देखती रही.

"मुझे लगता है कि सिलेटी रंग का तोता तुम्हारे लिए ज़्यादा भाग्यशाली साबित होगा," पिताजी ने कहा.

"सिलेटी रंग के तोते बात कर सकते हैं," रवि ने जोड़ा.

On Friday, Purnima missed her favourite TV show. Instead she stood by the cage watching the parrot.
"I'm sure you'll have more luck with a grey one," said Dad.
"Grey parrots can talk," said Ravi.




फिर शनिवार का दिन आया. पूर्णिमा को बहुत खराब लगा.

"तुम मुझसे कुछ बात क्यों नहीं करते," उसने रोते हुए अपने तोते से कहा. "नहीं तो पिताजी तुम्हें लौटा देंगे और फिर मैं तुम्हें कभी नहीं देख पाऊंगी."

"क्राक! स्क्री! अआर्क! स्कार्क!" तोता चिल्लाया.

Saturday came and Purnima felt terrible.
"Why won't you talk to me?" she sighed. "Dad will take you back and I'll never see you again."
"ARRK, SQUAAARK CREEECH!!!" shouted the parrot.





फिर पूर्णिमा टीवी के सामने बैठ गई.

टीवी में एक महिला कुछ बोल रही थी जिसे पूर्णिमा बिलकुल समझ नहीं पाई.

अचानक पूर्णिमा कूदी और पिंजरे के पास दौड़कर गई.

"तुम बात कर रहे हो! तुम्हारी ज़ुबान अलग है, टीवी वाली औरत की तरह!
सब लोग दौड़कर आओ!" पूर्णिमा चिल्लाई. "मेरा तोता बात कर सकता है!"

Purnima sat in front of the television.
A woman was speaking and Purnima could not understand a word.
Suddenly Purnima jumped up and ran to the cage.
"You are talking! It's a different language, like the lady on TV! Come quickly, everybody," shouted Purnima. "My parrot can talk!"

"क्राक!" तोते ने कहा.
माँ, पिताजी और रवि एक-दूसरे को देखने लगे.
"टीवी वाली औरत की तरह ही," पूर्णिमा ने कहा, "तोता अपनी अलग जुबान में बात कर रहा है."
"तुम बिलकुल सही कह रही हो," पिताजी ने कहा. "हम कुछ भाषाएं समझ सकते हैं और कुछ नहीं."
"मैं नहीं समझूंगी," माँ ने हँसते हुए कहा.
"मैं नहीं समझूंगा," पिताजी ने कहा.
"मैं नहीं समझूंगा," रवि ने कहा.
"मैं नहीं समझूंगा," तोते ने कहा.
"स्कार्क!" पूर्णिमा ने कहा.

"AAARK," said the parrot.
Mum, Dad and Ravi looked at each other.
"Don't you see," said Purnima. "It's just like the lady on TV."
"You're right," said Dad. "Some languages we can understand and some we can't."
"Well I never," laughed Mum.
"Well I never," laughed Dad.
"Well I never," laughed Ravi.
"Well I never," said the parrot.
"SQUAAARK," yelled Purnima.

